## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोतवाली पुलिस ने सट्टा पट्टी लिखने वालों पर की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शाम नगर निरीक्षक एस.एन. सिंह के नेतृत्व में दिनांक 06.01.2020 को कोतवाली स्टाफ द्वारा शहीद चौक, दशरथ पान ठेला व डेली मार्केट के पास सट्टा पट्टी लिखने की सूचना पर अभियान चलाकर छपेमारी किया गया। इस दौरान शहीद चौक के पास 1- संजय कुमार तिवारी पिता कामेश्वर तिवारी उम्र 39 साल तथा 2- बजरंग साहू पिता स्वर्गीय सीताराम साहू 33 साल पकड़े गए। दशरथ पान ठेला के पास से 3- सदीन निषाद पिता दसरू निषाद उम्र 25 साल तथा 4- कादिर खान पिता शेख रहीम खान उम्र 45 साल को डेली मार्केट के पास सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया है। सट्टा पट्टी लिखने वालों से कुल 2,790 नगद एवं सट्टा पट्टी बरामद हुआ है। आरोपियों के विरुद्ध 4-क जुआ एक्ट के तहत थाना कोतवाली में कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक एस.एन. सिंह द्वारा आरोपियों को समझाइश दी गई है कि भविष्य में ऐसे मामलों में संलिप्त पाए गए तो कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

### ऑनलाइन ठगी का शिकार जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** आवेदक बीरबहादुर प्रसाद आत्मज भागीरथी प्रसाद 42 साल निवासी एस.टी.पी. कालोनी जिंदल रायगढ द्वारा अनावेदक महेंद्र सिंह सिदार के द्वारा एनी डेक्स लोड कर खाता चेक करने को कहकर खाता से 24,999 रू.निकाल लेने के संबंध में आवेदन पत्र दिया गया। आवेदक बीर बहादुर प्रसाद ने बताया कि दिनांक 08.03.2019 को अपने बैंक खाता से 1000 रू. अपने भाई कमलेश के एसबीआई बैंक के खाता में गुगल एप्स से पैसा ट्रांसफर किया था परन्तु पैसा खाता में नहीं गया तब पतरापाली स्टेंट बैंक जाकर पता किया तो गुगल पे में शिकायत करने के लिये बोले तब यह गुगल में सर्च कर एक नम्बर 967425....में काल किया तो उसने महेंद्र सिंह सिदार दिल्ली गुडगांव से बोल रहा हूं बोला और एनी डेक्स लोड कर बैलेंस चेक करने के लिए बोला। उस एप्स को लोड कर बैलेंस चेक कर रहा था तब इसके खाते से 19999 रू, 5000 रू. का निकलने का मैंसेज आया जो महेंद्र सिंह सिदार द्वारा ऑनलाईन धोखाधडी कर निकाल लिया गया। आवेदक/शिकायतकर्ता के आवेदन की जांच पर आज दिनांक 07.01.2020 को आरोपी महेन्द्र सिंह सिदार के विरूद्ध अप.क्र. 04/2020 धारा 420 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

### मोहभट्टा दाधापारा बिल्हा गेट रेलवे लेवल क्रासिंग मरम्मत कार्य के लिए बंद रहेगी

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले रेलखंड में मोहभट्टा गेट रेलवे लेवल क्रासिंग क्रमांक 372 किमी 73210।.12। के डाउनएमिडिलएअप लाईनों में आवश्यक मरम्मत कार्य दिनांक 08.01.2020 बुधवार को सुबह 10 बजे से रात 18.00 बजे तक एवं दिनांक 09.01.2020 गुरुवार को सुबह 10 बजे से रात 18 बजे तक के लिए आवागमन पूर्ण रूप से अवरूध्द रहेगा । इससे होने वाली असुविधा के लिये रेल प्रशासन खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की आशा रखता है।

### छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड जारी, एक-दो स्थानों पर अभी भी हल्की बारिश की संभावना

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड जारी है, जिसके चलते मंगलवार को प्रदेश के ज्यादातर जिलों के न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट आई है। प्रदेश में सर्वाधिक न्यूनतम तापमान आज 08.0 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। स्थानीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में मौसम आज शुष्क रहा। न्यूनतम तापमानों में प्रदेश के सभी संभागों में विशेष परिवर्तन नहीं हुए। बिलासपुर संभाग में सामान्य से कम, दुर्ग संभाग में सामान्य से उल्लेखनीय कम एवं शेष संभागों में सामान्य रहे। प्रदेश के प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान आज कुछ इस प्रकार रहाः रायपुर 12.04 डिग्री, बिलासपुर 09.08, पेण्ड्रारोड 08.03, अंबिकापुर 08.0, जगदलपुर 12.05, दुर्ग 09.06 एवं राजनांदगांव में 11.0 डिग्री दर्ज किया गया है।

# स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला से बनाई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शब्दाकृति

**» 15 स्कूलों से 1700 बच्चे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का सन्देश देने जुटे मिनी स्टेडियम में**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मिनी स्टेडियम परिसर में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का सन्देश दिया। 15 स्कूल के लगभग 1700 बच्चों ने कतारबद्ध हो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शब्दों की आकृति बनाई। इस अवसर पर कलेक्टर यशवंत कुमार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बेटियों के समग्र सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से संचालित इस योजना के तहत रायगढ़ अपनी उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित जिला है।

रायगढ़ जिले में कार्यक्रम के लक्ष्यों के अनुरूप बेटियो के सुपोषित व सुशिक्षित जीवन तथा लिंगानुपात में कमी के लिये कार्य योजना आधारित गतिविधियों का ठोस क्रियान्वयन निरंतर जारी है। जिसमें सोनोग्राफी सेंटर्स में एक्टिव ट्रैकिंग सिस्टम के साथ, सुपोषण अभियान व शिक्षा से जुडी विभिन्न योजनाएं क्रियाशील है जिनका नियमित अंतराल में मूल्यांकन भी किया जा रहा है।

इन सब के अतिरिक्त बच्चियों में शारीरिक दक्षता और आत्मविश्वास बढ़ाने व विषम परिस्थिति में भी अपनी सुरक्षा हेतु सक्षम बनाने के लिये आत्मरक्षा प्रशिक्षण को जोड़ा गया है। जिससे आज सभी बालिकाओं को ट्रेनर्स के द्वारा आत्मरक्षा की तकनीकों का प्रदर्शन कर परिचित करवाया गया और आगामी 20 से 30 जनवरी को बोईरदादर स्टेडियम में प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने सभी बच्चियों से कहा कि प्रशिक्षण का लाभ लें और सिखाई जा रही तकनीकों का घर पर अभ्यास भी करें जिससे आप सभी शीघ्र शारीरिक रूप से दक्ष व मजबूत बन सकेंगी। उन्होंने और आगे कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की कार्यक्रम में सहभागिता सराहनीय है।





बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दिलाई गयी शपथ- इस दौरान कलेक्टर श्री यशवंत कुमार, सीईओ जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के साथ, छात्रों, शिक्षकों व अधिकारियों ने शपथ लिया कि बच्चियों को जन्म का अधिकार व जीवन जीने की स्वतंत्रता का अधिकार देंगे। बालिकाओं के जन्म पर खुशी और उत्सव मनाएंगे।

लड़के व लड़कियों के बीच समानता को बढ़ावा देंगे। बेटियों पर गर्व करेंगे एवं पराया धन की मानसिकता का विरोध करेंगे। बाल विवाह व दहेज प्रथा का दृढ़ता से विरोध करेंगे। बालिकाओं का स्कूल में दाखिला कराएँगे एवं उसकी पढाई को बरकरार रखेंगे। लिंग चयन के किसी भी घटना की सूचना देंगे। महिलाओं के संपत्ति के अधिकार को समर्थन देंगे। अपने आस-पास के वातावरण को, महिलाओं व लड़कियों के लिए सुरक्षित व हिंसा मुक्त रखेंगे। बेटियों के प्रति चली आ रही रूढ़िवादी सोच को बदलेंगे।

किकबॉक्सिंग टीम ने सिखाये आत्मरक्षा के गुर-रायगढ़ किकबॉक्सिंग टीम के द्वारा विषम परिस्थितियों में आत्मरक्षा के लिए उपयोगी तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

जिसमे यह दिखाया गया कि कैसे हमला करने वाले व्यक्ति के बल व उसकी शारीरिक मुद्रा को इन तकनीकों की सहायता से उसके ही विरुद्ध उपयोग किया जा सकता है। टीम ने बताया की आत्मरक्षा में आत्मविश्वास सबसे महत्वपूर्ण है। अत आत्मविश्वास के लिए बच्चियों को इन तकनीकों का प्रशिक्षण लेकर निरंतर अभ्यास करना चाहिए।

यातायात नियमों से भी किया गया वाकिफ -कार्यक्रम में बच्चों को यातायात से जुड़े नियमों की जानकारी भी दी गयी। बच्चों को बताया गया कि बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाना एक कानूनी अपराध है। अत लाइसेंस के बगैर गाड़ी चलाने से बचें। साथ ही लापरवाही पूर्वक या बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना और दो पहिया में तीन सवारी चलना भी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है। ऐसा करने पर जुर्माने व सजा का प्रावधान है और दुर्घटना का अंदेशा भी होता है। अत~सभी बच्चों से जिम्मेदार नागरिक की तरह यातायात नियमों के पालन करने की अपील की गयी।

इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री टी.के. जाटवर सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती दीप्ति अग्रवाल, महिला बाल विकास व शिक्षा विभाग के कर्मचारियों सहित विभिन्न स्कूलों जैसे शा.उ.मा. एवं पूर्व मा. विद्यालय चक्रधर नगर, शा.कन्या विद्यालय रायगढ़, शा. नटवर बहु. उ.मा.विद्यालय, शा. उ.मा. वि जूटमिल, पूर्व माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शाला चाँदमारी, शासकीय विद्यालय पंजरी प्लांट, दिल्ली पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, कार्मेल कान्वेंट स्कूल, साधुराम विद्या मंदिर, गुरूद्रोण विद्या कुटीर विद्यालय, शालिनी कान्वेंट स्कूल के छात्र छात्राएं व शिक्षक उपस्थित रहें।

# नवाचार के माध्यम से बच्चों के बौद्धिक क्षमता को बढ़ाएं-डॉ. आलोक शुक्ला

**» किलोल-ई पत्रिका में शिक्षक एवं बच्चें अपनी कविताएं, बालगीत भेजे**





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** योजना आर्थिक एवं सॉख्यिकीय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिक के प्रमुख सचिव तथा छ.ग. विज्ञान परिषद एवं तकनीकी विभाग के महानिदेशक डॉ.आलोक शुक्ला ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रायगढ़ और पुसौर पीएलसी ग्रुप के शिक्षकों से रूबरू होकर बच्चों को नवाचार के माध्यम से स्कूल में अनेक गतिविधियों में शामिल करके उनकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने के लिये कहा है। इस अवसर पर कलेक्टर यशवंत कुमार उपस्थित थे।

प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने शिक्षकों को महत्वपूर्ण बातों के बारे में जानकारी दी और उन्होंने स्कूल वेबसाईट, किलोल ई-पत्रिका , नवाचार के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने की विधि बताई। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने स्कूल का वेबसाईट बनाना चाहते है तो उनसे संपर्क कर सकते है। उनके द्वारा निश्शुल्क वेबसाईट बना कर संबंधित शिक्षकों को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वेबसाईट बन जाने के उपरांत शिक्षकों को यूजर आईडी पासवर्ड दिया जाएगा, ताकि शिक्षक अपने स्कूल की उपलब्धियों एवं अन्य गतिविधियों के संक्षिप्त विवरण को वेबसाईट में अपलोड कर सकते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और बच्चे अपनी कविता, बालगीत, कहानियाँ आदि किलोल ई-पत्रिका में भेज सकते है जिसका प्रकाशन किया जाएगा।

डॉ. शुक्ला ने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किलोल ई-पत्रिका में छत्तीसगढ़ के शिक्षकों और बच्चों के द्वारा लिखी गई कहानी, कविता, बालगीत, नाटक, मुहावरे, गीत आदि रचनाओं को प्रकाशित किया जाता है। साथ ही शिक्षकों के द्वारा बनाई गई नवाचार गतिविधियों को भी ई-किलोल पत्रिका में शामिल किया गया है, शिक्षक अपने मोबाईल से ई-पत्रिका को डाउनलोड करके स्कूलों में बच्चों को अनेक गतिविधियों में शामिल करवा सकते है। उन्होंने शिक्षकों के अच्छे कार्य के लिये उनकी प्रशंसा की साथ ही शिक्षकों को स्कूलों के लिये कार्य सौंपे। शिक्षक अपने विद्यालय में किसी एक कक्षा में किसी एक विषय का या पूरे पाठ्यक्रम को किसी नवाचार के माध्यम से बच्चो को पढ़ा सकते हैं ताकि बच्चे सरल विधि से समझ सके । उन्होंने कहा कि अपने आसपास के उपलब्ध संसाधन से ही शिक्षक पढ़ाने के लिये नवाचार पद्धति को अपना सकते है। कलेक्टर यशवंत कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जिले के शिक्षकों को बेहतर कार्य करने के लिये आज मार्गदर्शन मिला है। उन्होंने कहा कि प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला जी ने पीडीएस के लिये भी उत्कृष्ट कार्य किये है जिसके लिये उन्हें लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के अंतर्गत पीडीएस प्रणाली के तकनीकी उन्नतिकरण के लिये प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया है। उन्होंने कहा कि ई-किलोल पत्रिका वेबसाईट के माध्यम से शिक्षक अपने अपने स्कूलों में नवाचार का उपयोग करके बच्चो को अनेक गतिविधियों में शामिल करें और उनके बौद्धिक क्षमता को बढ़ाएं।

# छत्तीसगढ़ की धरा में बसी है लोकनृत्य- गीत की इंद्रधनुषी छटा

**» लोकजीवन की मनोहारी झांकी है ददरिया**










**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परम्पराएं एवं मान्यताएं लोकनृत्य-गीतों के रूप में अद्वितीय रूप से अभिव्यक्त होती है। जिनमें छत्तीसगढ़ धरा की समृद्ध सभ्यता एवं संस्कृति की इंद्रधनुषी छटा दिखाई देती है। मिट्टी से जुड़ी हमारी लोक संस्कृति नृत्य-गीतों में ग्रामीण जनजीवन जीवंत रूप में प्रकट होता है। इन्ही मिट्टी की खुशबू को संजोए रायगढ़ लोक रंग नाचा के कलाकार स्वामी विवेकानंद की स्मृति में 12 से 14 जनवरी को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ युवा उत्सव' में अपनी प्रस्तुति देंगे।

राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में लोक रंग नाचा दल के कलाकार ददरिया एवं सुआ नृत्य की प्रस्तुति देने वाले हैं। ददरिया में छत्तीसगढ़ में खुशहाली, खेत-खलिहान के लोकजीवन की मनोहारी झांकी दिखाई देती है। ददरिया छत्तीसगढ़ी गीतों का राजा' है। यह गाँव की पगडंडियों एवं मेढ़ों में गाया जाने वाला मया के गीत है, जो मूलत~ श्रृंगारिक व्यंजना लिए होता है। श्रम से जुड़े खेती किसानी करने वाले किसान मजदूर दादर' अर्थात ऊंचे स्थान में उत्साह एवं उल्लासपूर्वक सामूहिक एवं एकल नृत्य करते हैं। ददरिया प्रश्न उत्तर के रूप में होते हैं।

तैय जवाब दे दे टूरी मैं गावथों ददरिया
तैय जवाब दे दे टूरा मैं गावथों ददरिया
आधा आधा रथिया के कइसन बाजार
ओदे कोने ठाड़े हासथे नदिया के पार
आधा आधा रथिया के अइसन बाजार ओदे चाँद ठाड़े हासथे नदिया के पार
एक पेड़ आमा, पच्चीस पेड़ जाम
मधुबन के चिरैया बोलथे राम राम

यूं तो ददरिया के कई प्रकार होते हैं, लेकिन मेंडरई ददरिया (मेढ़ पर गाया जाने वाला) एवं गाड़ा ददरिया प्रमुख हैं। मेंडरई ददरिया में जैसा कि हम जानते हैं कि खेत का मेढ़ व्यवस्थित नहीं होता, आड़ा तिरछा होता है, उसी ढंग से इस गीत के लय ताल भी यथा नाम तथा गुण होते हैं।

अमरईया चिरइया किलोर भई जाये
मोला आन दे मोला जान दे, अमरईया ले लोर
पोसे सुआ ला दे देबो दाना
अमराई मा काली जरूर आना
मोला आन दे मोला जान दे अमरईया ले लोर

गाड़ा ददरिया में लयबद्धता होती है। किसानों के धान को अपनी बैलगाड़ी में लादकर लेने जैसे दृश्य सजीव हो उठते हैं।

डोंगरी डोंगरी नदिया, नरवा तोला खोजे ले लोर
नई दिखे घर मा, नई दिखे बन मा
खोज डारेव नई दिखे
नजर भर मा डोंगरी डोंगरी

वहीं सुआ नृत्य गीत अनोखे रूप में प्रकट होते हैं। जनश्रुति है कि देवी पार्वती, भगवान शंकर के साथ संवाद करती है जिसे हम छत्तीसगढ़ डड़ईरानी कहते हैं।

शंकर वो भोला मोर बड़े रंगरजुआ रे सुआ ना
देखी देखी मोला सुहाय रे सुआ ना

महाभारतकालीन लेखों में उल्लेख मिलता है कि सुआ अर्थात सुकजी ने महाभारत की कथा सुनाई थी। नागमति अपने पति का इंतजार करती है और हीरामन तोते को संदेशवाहक के रूप में अपने पति के पास भेजती है। इस उद्गार में प्रिय की प्रतीक्षा करते हुए कहती है कि-

नागमति चितउर पतहेरा
पीयू जो गए फि र कीन्ह ना फेरा

अंचल में सुआ के विविध रूप देखने को मिलते हैं। नारी व्यथा कथा का चित्रण सुआ गीत रूपों में मिलता है।

चंदा सुरुजुआ मैं तोरे पैयां लागू रे सुआ ना
कि तिरिया जनम झन दे
तिरिया जनम मोरे गाऊ के बरोबर रे सुआ ना
की जहां रे पठोय तिहां जाये
अंगूरी ला घेरी बेरी, अंगना लिपाय रे सुआ ना
कि ननदी के मन नहीं भाये
टूटे फू टे पखना के बन्दना बंदाव रे सुआ ना
कि घुरवा के दिन बहुराये

महिलाएं घर-घर जाकर गोल घेरे में सुआ नृत्य करते हुए कहती है-

अरन बरन कोदो दरन
जभे देबे तबे टरन

इनको सम्मान स्वरूप ग्रामीणजन धान या नगद देकर अपने आँगन से विदा करते हैं। एक टोकरी में ये महिलाएं मिट्टी या काठ का सुआ रख कर उसके चारों ओर नृत्य करती हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर, न्यू विवेकानंद कॉन्वेंट एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल मदनपुर में जागरूकता कार्यक्रम

**न्याय साक्षी/रायगढ़। महिला एवं बच्चों पर घटित अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जाने वाले संवेदना कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 07.01.2020 को खरसिया थाना क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर मदनपुर, न्यू विवेकानंद कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदनपुर में आयोजित किया गया।**

महिला रक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस अपने स्टाफ के साथ तथा खरसिया थाने से महिला प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर अपने स्टाफ के साथ कार्यक्रम के लिये पहुंचे थे।

स्कूलों में छात्राओं को जागरूक करते हुए टी.आई. ग्रेस ने कहा कि किसी भी कीमत पर अवांछनीय तत्वों की हरकतें बर्दाश्त न करें, विरोध करें और बिना किसी देरी व झिझक के अपने पालकों, शिक्षकों या पुलिस को बतायें। गलत करने वालों का शुरू में प्रतिकार नहीं करने पर ही उनका मनोबल बढता है। टी.आई. ग्रेस ने छात्राओं को बतायी कि महिलाओं व बच्चों को लेकर जिले की पुलिस काफी संवेदनशील है। कानून में ऐसे अपराधों में अपराधियों को कठोर सजा का प्रावधान है, बेहतर समाज के लिये पुलिस को सहयोग करें।

छोटे बच्चों को बताई कि कभी किसी प्रकार के लोभ व लालच में न आएं। कार्यक्रम में महिला रक्षा टीम के सदस्यों द्वारा भीड़-भाड़, बस, ट्रेन में बचाव की जानकारी दिये। छात्राओं को सायबर क्राईम, सेल्फ डिफेंस, बैड टच, गुड टच के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही पुलिस महिला रक्षा टीम के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को डॉयल 112, 100 (पुलिस कंट्रोल रूम) व 1091 (महिला हेल्पलाइन) एवं 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) सहित अन्य माध्यमों से जरूर दें। पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा लड़कियों को आत्मरक्षा की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई।

आज के कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर मदनपुर में 278, न्यू विवेकानंद कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में 745 तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदनपुर में 843 बच्चों ने भाग लिया।

### मोबाइल पर अश्लील बातें करने की शिकायत, कॉलर के विरूद्ध कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर में दिनांक 06.01.2020 को एक महिला द्वारा दिनांक 04.01.2020 के सुबह 03.00 बजे अज्ञात मोबाइल नंबर से 942574.... के कॉलर द्वारा अश्लील व गंदी बातें कर परेशान करने संबंधी शिकायत आवेदन पत्र दिया गया है। महिला बताई कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बार-बार कॉल कर अश्लील बातों से मानसिक रूप से परेशान हो गई और उसके नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दी है। पीडित महिला द्वारा अज्ञात कॉलर पर कार्यवाही के लिए दिनांक 06.01.2020 को थाना चक्रधरनगर में आवेदन दिए जाने पर मोबाईल धारक के विरूद्ध अप.क्र. 06/2020 धारा 509(ख)आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480